बेतवांचल

नवभारत
भोपाल, गुरुवार 7 अगस्त, 2025





# बाल विहार क्षेत्र में नपा शुरू करेगी पेड पार्किंग

## नपा पीआईसी की बैठक में हुए अनेक निर्णय



**नवभारत न्यूज.**
**विदिशा 6 अगस्त ,नगर पालिका में पीआईसी की बैठक पुरानी नगर पालिका बस स्टैंड सभागार हाल में संपन्न हुई जिसमें नगर के विभिन्न विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई.नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने फोन पर हुई चर्चा में बताया कि पूरे कोरम के साथ पीआईसी की बैठक संपन्न हुई है तथा विभिन्न विकास कार्यों को मंजूरी दी गई है.**

नपाध्यक्ष ने बताया गया कि जिन विकास कार्यों को हरि झंडी दी गई है उनमे शहर के मुख्यमार्ग बस स्टैंड से ईदगाह तक फुटपाथ एंव पेवर ब्लाक लगाए जाने, अटल बाल उद्यान में झूले, फिसल पट्टी एवं अन्य सामग्री की मरम्मत, पूर्व से कार्यरत विद्युत शाखा के 7 संविदा कर्मचारियों की संविदा समयावधि बढ़ाए जाने, शहर के विभिन्न स्थानों मालवीय उद्यान, माधव उद्यान, अरिहंत विहार, कृष्णा कालोनी, रायल सिटी, मुर्खजी नगर, बजरिया पार्क में ओपन जिम हेतु उपकरण क्रय करने हेतु , निकाय के प्रमुख स्थलों पर चार्जिंग स्टेशन बनाए जाने, कई स्थानों पर जिनमें बस स्टेंड, नीमताल, नदीपुरा, नगर पालिका कार्यालय पर सीएसआर मोड पीपीपी मॉडल द्वारा सुलभ शौचालय स्थापित करने प्रशासकिय स्वीकृति, पुरानी नगर पालिका कार्यालय, बाल विहार क्षेत्र में पेड पार्किंग शुरू करने की स्वीकृति आदि शामिल हैं.

वहीं इस संबंध में सीएमओ दुर्गेश सिंह से उनके मोबाइल फोन पर चर्चा करना चाही गई तो स्वीच ऑफ आता रहा जबकि नपा के नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी का कहना है कि उन्हें नहीं पता कि पीआईसी बैठक हुई या नहीं.

# पट्टे और रास्ता खुलवाने की मांग

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा 6 अगस्त,** मंगलवार को गंजबासौदा तहसील के ग्राम गजनई निवासी बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्टोरेट पहुंचे और कलेक्टर के नाम आवेदन देकर पट्टे और शासकीय रास्ता खुलवाने की मांग की. ग्रामीणों ने बताया कि गांव के करीब 28 परिवारों को पट्टे न मिलने के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है. उन्होंने कहा कि गांव के बच्चे रास्ता बंद होने के कारण स्कूल नहीं जा पा रहे हैं. उन्होंने जल्द से जल्द रास्ता खुलवाने और पट्टे वितरित करने की मांग की है.गंज बासौदा तहसील के ग्राम गजनई के ग्रामीण बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे और अपनी समस्याओं को लेकर कलेक्टर के नाम आवेदन दिया गया. इस दौरान ग्रामीण महेश, नीरेंद्र, रतन सिंह, भवानी, रमेश, पन्नालाल, मोकम सिंह आदि ने बताया कि लंबे समय से हम यहां घर बनाकर रह रहे हैं, लेकिन अब तक हमें पट्टे नहीं दिए गए हैं. उन्होंने कहा कि गांव के अन्य लोगों को पट्टे मिल चुके हैं लेकिन हम लोग आज भी पट्टे मिलने का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई बार आवेदन दे चुके हैं लेकिन हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने जल्द से जल्द पट्टे उपलब्ध कराने की मांग की है.इसके साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि हमारे बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं, क्योंकि शासकीय रास्ते को अतिक्रमण करके बंद कर दिया गया है.जिसके कारण से बच्चों को स्कूल जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

## तुलसीदास जी की जयंती पखवाड़े के अंतर्गत हुई प्रतियोगिताएं

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** तुलसी जयंती पखवाड़े के अंतर्गत प्रतियोगिता आयोजित की जा रही हैं. जिसका शुभारंभ 5 अगस्त को स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर सरस्वती नगर में हुआ.कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो जे एस चौहान पूर्व डाइरेक्टर थे.प्रो चौहान ने रामचरित मानस में भगवान राम के आदर्श चरित्र से शिक्षा ग्रहण करने की प्रेरणा छात्रों को दी. कार्यक्रम के पूर्व,छात्रों से रामचरित मानस के प्रसंगों में से प्रश्न पूंछे गये,जिनका सही उत्तर देने वाले को तत्क्षण पुरुस्कृत किया गया. अहिल्या, सुलोचना, मंथरा, वैद्य सुषेण, संजीवनी बूटी,अंगद,बाली की शक्ति इत्यादि प्रसंगों पर त्वरित रूप से उत्तर दिए गये.कार्यक्रम में साकेत,ओलम्पस एवं सरस्वती शिशु मंदिर के छात्रों ने सहभागिता की.कार्यक्रम में न्यास के कार्यकारी अध्यक्ष गोविंद देवलिया, कोषाध्यक्ष भरत लड्डा ,सचिव सुनील जैन प्राचार्य आनंद जी वर्मा,रैकवार जी श्रीमती हेमलता परिहार ने सक्रिय योगदान दिया.

## एक नजर में

### संदीप बने रेडकॉस सोसायटी सचिव

**नवभारत न्यूज**



**विदिशा,** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के जिला अध्यक्ष द्वारा जिले का सचिव संदीप उदयवाल को न्युक्त किया गया है. मंगलवार को सचिव पद का औपचारिक रूप से हस्तांतरण किया गया.संस्था के तत्कालीन सचिव अतुल रतनशी शाह द्वारा सचिव पद का कार्यभार संदीप उदयवाल को सौंपा गया. उदयवाल पूर्व से समाजसेवा गतिविधियों से जुड़े रहे हैं, वर्तमान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के घुमंतु अर्ध घुमंतु विमुक्त विभाग की प्रांतीय टीम में भी पदाधिकरी हैं. सचिव पद का यह उत्तरदायित्व ग्रहण करते हुए संदीप उदयवाल ने समाज सेवा, आपदा राहत और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में संस्था की प्रभावशीलता को और अधिक सशक्त करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है. माना जा रहा है कि सचिव पद पर यह नवीन नियुक्ति से संस्था के समाजसेवा के लक्ष्यों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा. इस नियुक्ति पर समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने उदयवाल को शुभकामनाएं दीं.

### ग्यारसपुर एसडीएम का अतिरिक्त प्रभार

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने ग्यारसपुर एसडीएम मनोज कुमार उपाध्याय का स्थानांतरण हो जाने के फलस्वरूप उन्हें छह अगस्त को भारमुक्त करते हुए ग्यारसपुर एसडीएम का दायित्व विदिशा एसडीएम क्षितिज शर्मा को सौंपा है. प्रशासकीय कार्यो की सुविधा दृष्टि से क्षितिज शर्मा को खण्ड मजिस्ट्रेट विदिशा के साथ-साथ अन्य आगामी आदेश तक ग्यारसपुर उपखण्ड मजिस्ट्रेट के दायित्व का भी निर्वहन करेंगे.




## तहसीलदार और नायब तहसीलदारों का विरोध जारी

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा 6 अगस्त,** जिले के साथ पूरे प्रदेश के सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार सरकार के उस फैसले के विरोध में लामबंद हुए हैं जिसमें सरकार ने राजस्व अधिकारियों के लिए न्यायालय प्रक्रिया अलग करने और अन्य कार्यों को अलग करते हुए अन्य अधिकारी नियुक्त करने की घोषणा की है. प्रदेश के 22 जिलों में इसे लागू भी किया गया है. विदिशा जिले की सभी 11 तहसीलों में तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने इसका विरोध किया है। विरोध स्वरूप बुधवार को अपने डोंगल जमा किए जा रहे हैं. वहीं जो वाहन शासन द्वारा दिए गए हैं उन्हें भी जमा किए जा रहा है. बताया गया कि सिर्फ आपातकालीन कार्य ही राजस्व अधिकारी करेंगे.

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर निकलेगी शोभायात्रा

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज, सिरोंज में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति सिरोंज के तत्वाधान में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा निकाली जावेगी. इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जावेगा.**



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर होने वाले कार्यक्रमों को लेकर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति सिरोंज की एक बैठक स्थानीय श्री हनुमान मंदिर छत्री नाका पर आयोजित की गई. जिसमें भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया. बैठक में समिति द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस बर्ष भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति द्वारा शहर में भव्य शोभायात्रा निकालने के संबंध में चर्चा की गई. इस संबंध में जानकारी देते हुए श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति सिरोंज के अनिल यादव ने बताया कि शोभायात्रा 16 अगस्त को प्रातः 11 बजे से छत्री नाका से प्रारंभ होकर कस्टम पथ, कठाली बाजार, चांदनी चौक, कोर्ट गेट, पुराना बस स्टैंड, सुभाष नगर होते हुए बासौदा नाका पर समापन होगा. कार्यक्रम में खीर की महाप्रसादी का वितरण भी किया जावेगा. शोभायात्रा में आकर्षक बैंड-बाजे एवं भव्य झांकी शामिल रहेगी. बैठक में आयोजन समिति द्वारा विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर कार्यकर्ताओं की विभिन्न समितियां बनाई गई. जिसमें सभी को अलग अलग जिम्मेदारी प्रदान की गई. बैठक का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण का पूजन एवं आरती कर किया गया. इस दौरान बड़ी संख्या में समिति सदस्य मौजूद रहे.

# लेखापाल को हटाने की मांग

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा, न्यु बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे और कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर संतोष बिटोलिया को ज्ञापन दिया गया. इस दौरान उन्होंने पीपलखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र पर पदस्थ लेखपाल को हटाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा है और न ही उनके एरियर का भुगतान हो रहा है.**

बुधवार को पीपलखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी बड़ी संख्या में अपनी समस्याओं को लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे और लेखपाल को हटाने की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। इस दौरान संगठन के सदस्यों ने बताया कि पहले भी लेखपाल को हटाने की मांग को लेकर जिला स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी को आवेदन दे चुके हैं और लेखपाल द्वारा किए गए भुगतानों की जांच की मांग कर चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद भी लेखपाल को अब तक नहीं हटाया गया है उन्होंने कहा कि लेखपाल द्वारा समय पर कर्मचारियों का वेतन का भुगतान नहीं किया जाता है. जिसके कारण से कर्मचारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने कहा कि कर्मचारियों का एरियर का भुगतान भी अब तक नहीं किया गया है. जबकि जिले के अन्य तहसीलों में कर्मचारियों को समय पर वेतन मिल रहा है और उनका एरियर भुगतान किया जा चुका है. इस दौरान बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद थे.

# सामाजिक एकता पर दिया जोर, राजनैतिक दल करते हैं समाज की उपेक्षा

## युवा ब्राह्मण विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष बने पं . रविकांत शर्मा बाला




**नवभारत न्यूज**
**विदिशा, युवा ब्राह्मण विकास परिषद की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक प्रेस क्लब विदिशा में रखी गई. जिसमें समाज के संरक्षक मंडल, प्रदेश कार्य समिति के समस्त सदस्यों ने सर्व सम्मति से युवा ब्राह्मण विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष पद पर पंडित रविकांत शर्मा बाला एवं प्रदेश महामंत्री पं. दीपक मुद्गल (पांडे) को, विदिशा जिला अध्यक्ष के पद पर पंडित बागीश मिश्रा को नियुक्त गया.**

सभी वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए कहा कि सामाजिक एकता पर कार्य करने के लिए समाज को संगठित होना होगा राजनैतिक दलों द्वारा ब्राह्मण समाज की उपेक्षाएं की जा रही है, आर्थिक आरक्षण एवं विदिशा में आगामी प्रदेश स्तरीय ब्राह्मण महाकुंभ हेतु समाज में जनजागरण किया जायेगा. बैठक में मुख्य रूप से परिषद् के संस्थापक अध्यक्ष पंडित मानवेन्द्र शर्मा, धर्माधिकारी जितेंद्र शास्त्री, संजय पुरोहित, नारायण प्रसाद शर्मा, प्रशांत शर्मा, विजय दीक्षित, विवेक शर्मा, अजय कटारे, अरुण अवस्थी, हेमंत शर्मा, मोहित शर्मा, निखिल बंटी महाराज, सौरभ शर्मा, प्रिंस चतुर्वेदी, अभिषेक आचार्य, अनिकेत शर्मा, सचिन भार्गव आदि मौजूद थे.

## उत्कृष्ट कार्यों को लेकर सचिव को जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जिला सीईओ ने किया सम्मानित

**नवभारत न्यूज**
**पठारी, तहसील की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत पठारी के सचिव गोविंद सिंह राजपूत को पंचायत उन्नति 2022-23 मेंजिले में दसवां स्थान प्राप्त कर समग्र विकास सचकांकों पर अग्रसर रही आपके कार्यों की सराहना करते हुए उत्कृष्ट कार्य के लिए जिला स्तर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी एवं जिला पंचायत सीईओ पंकज जैन द्वारा सम्मानित किया गया. इन्होंने ग्राम पंचायत में बेहतर ढंग से कार्य किया है.**




## स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास के मास्टर ट्रेनर एवं फैसिलिटेटर का हुआ प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा**, शिशु मृत्यु दर एवं कुपोषण काम करने के उद्देश्य से आईआईटी बॉम्बे एवं व्हील ग्लोबल फाउंडेशन के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के 250 सेवा प्रदाताओं को जनवरी में चार दिवसी फेस टू फेस प्रशिक्षण आईआईटी बॉम्बे के मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया गया था. इसके पश्चात सभी को निर्देशित किया गया था कि अपने-अपने क्षेत्र के 10 गर्भवती माता एवं बच्चों को गोद लेकर उनको स्तनपान सिखाना ,जन्म के 1 घंटे के अंदर पहला स्तनपान, 6 माह तक केवल और केवल स्तनपान, 6 माह के बाद 2 वर्ष तक स्तनपान के साथ ऊपरी आहार देना ,इसमें माता को प्रोटीन का महत्व बताना, बच्चों को उम्र अनुसार क्या खिलाना है कितनी मात्रा में देना है और कितने समय देना है के बारे में समझास दी गई सभी प्रतिभागियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में गर्भवती माता एवं बच्चों को गोद लेकर स्तनपान खान-पान पोषण आहार के बारे में उनके ज्ञान कौशल में वृद्धि की गई इसके काफी अच्छे परिणाम क्षेत्र में देखे गए सीएमएचओ डॉ रामहित कुमार के निर्देशन में महिला बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती विनीता कांसवा एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर डी के शर्मा के समन्वय से आईआईटी मुंबई के मास्टर ट्रेनरों की टीम तीन दिवसीय प्रशिक्षण 6 अगस्त से 8 अगस्त तक देगी आज उसका शुभारंभ आईआईटी बॉम्बे के मास्टर ट्रेनर द्वारा किया गया.

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पीपीओ प्रदाय कर किया सम्मानित

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** अपर कलेक्टर अनिल डामोर ने विदिशा जिले में मई व जून माह के पूर्व सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारियों को पीपीओ का वितरण करते हुए स्मृति स्वरूप आम के पौधे व गीता प्रबोधनी पुस्तिका भेंटकर माला पहनाकर सम्मानित किया है. कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार कक्ष में आयोजित सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए अपर कलेक्टर अनिल डामोर ने स्वस्थ्यवर्धक बने रहने की शुभकामनांए अभिव्यक्त की है. इससे पहले सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारियों ने शासकीय सेवाओं के दरम्यिान अपने-अपने अनुभवो को सांझा कर स्मृतियों को यादगार बनाया. गर्ल्स कॉलेज से सेवानिवृत्त डॉ ओजस्विनी जौहरी मेघानी व अन्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों अधिकारियों को सम्मानित किया.

# सेंटमेरी कॉलेज में एनसीसी कैडेट की भर्ती

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा**, सेंट मैरी पीजी महाविद्यालय में एनसीसी कैडेट की भर्ती प्रक्रिया 14 एमपी बटालियन के कमांडिंग अधिकारी कर्नल विकास गुप्ता शौर्य चक्र एवं एडम अफसर लेफ्टिनेंट कर्नल सनी वैध तथा हवलदार अमोल जगताप एवं सूबेदार कटवारों राम एवं महाविद्यालय के संचालक फादर सिन्टो वर्गिश एवं एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉक्टर रामानंद मिश्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुई. जिसमें महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. भर्ती प्रक्रिया तीन चरणों में संपन्न हुई. प्रथम चरण में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का शारीरिक परीक्षण किया गया इसके पश्चात लिखित परीक्षा आयोजित की. जिसमें एनसीसी से संबंधित सामान्य ज्ञान का परीक्षण करने के उपरांत तृतीय चरण में साक्षात्कार आयोजित किया गया. जिसमें विद्यार्थियों के मानसिक एवं बौद्धिक तथा एनसीसी में आने का उद्देश्य का परीक्षण किया गया. इन तीनों परीक्षणों में चयनित विद्यार्थियों का ही अंतिम चयन हुआ है, जिसमें लगभग 90 विद्यार्थियों ने भाग और 48 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ. नव प्रवेशित छात्रों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के संचालक फादर सिन्टो वर्गिश ने छात्रों को राष्ट्रहित में काम करने एवं एनसीसी के माध्यम से राष्ट्रीय भावना विकसित करने तथा राष्ट्र के प्रति समर्पित होने का संदेश दिया.



# तन मन धन देव शास्त्र गुरु की सेवा में अर्पण हो भोगियों की सेवा में नहीं-ब्र.पं. सुमतप्रकाश

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** बाल ब्रह्मचारी सुमतप्रकाशजी द्वारा उदयगिरि नसिया में स्वाध्याय शिविर में बताया कि धर्म की प्रभावना के लिए तन मन धन सब समर्पण करें अर्थात सम्यक प्रकार से अर्पण करें.आत्मा को परमाणु मात्र की भी जरूरत नहीं है.दान प्रशंसनीय है त्याग पूजनीय है.हमारा तन मन धन देव शास्त्र गुरु की सेवा में अर्पण हो भोगियों की सेवा में नहीं.हमारा टैलेंट या योग्यता जगत की व्यवस्थाओं में नहीं इच्छाओं के अभाव में लगना चाहिए.जिसे आत्मा की तीव्र अरुचि होती है वह प्रतिकूलताओं के आते ही सबसे पहले देव शास्त्र गुरु को भूल जाता है. शरीर से मर्यादित भोग करना अणुव्रत है.भेद ज्ञानपूर्वक तन मन धन का समर्पण करने वाले तीर्थंकर केवली गणधर बनते हैं.दुकान का बंद होना ही दुकान का मंगल होना है। देव शास्त्र गुरु ही मंगल उत्तम शरण है अन्य कोई नहीं. बच्चों को सही संस्कार देना अति महत्वपूर्ण है।शिक्षा के दौरान संस्कारों को प्राथमिकता देना चाहिए।जीवन के आरंभ में ही बच्चों में नैतिक मूल्यों को स्थापित करें, पारिवारिक सद्भाव और शांति बनाये रखने के लिए प्रेम और समझ का योगदान.बड़े भाई-बहनों और माता-पिता के प्रति आदर अनिवार्य है.केवल आर्थिक लाभ को प्राथमिकता देना समस्या बन जाता है. बच्चों को नैतिक शिक्षा की प्रमुखता देना चाहिए. गलत मुनाफे और धांधली भरे व्यापारों से बचना चाहिए, जैसे कि शेयर मार्केट और बिटकॉइन. ऐसे धंधे समाज और नैतिकता को कमजोर करते हैं.प्रत्येक व्यक्ति का यह दायित्व है कि वह समाज को परिपक्वता और सकारात्मकता प्रदान करे. अपनी भाषा और व्यवहार में नर्मी रखना है. प्रेम से बात करना और दूसरों के काम आना नैतिकता का हिस्सा है. भैयाजी द्वारा बताया कि आत्म-अध्ययन और अनुशासन जीवन मे बहुत जरूरी है. आत्मा के प्रति जागरूकता जीवन का आधार है. आत्मज्ञान से न्याय और समझ का विकास होता है.अनुशासन से जीवन सहज और समृद्ध बनता है.समय का सदुपयोग व अध्ययन व्यक्ति को उच्चता प्रदान करता है.सम्यक दृष्टिकोण और आत्मनिर्भरता पर चर्चा करते हुए बताया कि किसी भी निर्णय से पहले सही सोच और सम्यक दृष्टिकोण अपनाएं.



# विशेष जन सुरक्षा कैम्प आज

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** भारतीय रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक एवं भारतीय स्टेट बैंक, भोपाल सर्किल के उच्च प्रबंधन द्वारा ग्राम करारिया एवं नटेरन में आयोजित विशेष जन सुरक्षा कैम्प आज 7 अगस्त में भाग लिया जायेगा.जिला अग्रणी बैंक कार्यालय विदिशा की ओर से सूचित किया जाता है कि भारतीय रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक रेखा चंदनावेली तथा भारतीय स्टेट बैंक भोपाल सर्किल नेटवर्क-1 के महाप्रबंधक कुंदन ज्योति के द्वारा आज गुरुवार को ग्राम नटेरन एवं करारिया मे विशेष रूप से आयोजित हो रहे जन सुरक्षा कैंपों में शामिल होंगे। ये कैंप दो अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे। जिसमें नटेरन जनपद पंचायत भवन में सुबह 10.30 बजे और करारिया चौराहे पर दोपहर 12 बजे आयोजन होगा.इन कैंपों का मुख्य उद्देश्य लोगों को सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना तथा खातों में री-के.वाय.सी. एवं अप्रचलित खातों के के.वाय.सी. को अपडेट कर उन्हे प्रचिलित करने से संबंधित लाभ एवं महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराना है.